भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Friday, 12 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और बिलासपुर में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार चौथी बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय ले लिया है. भाजपा इस बार65 से भी अधिक सीटों पर विजय के साथ श्री रमण सिंह के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है

****

छत्तीसगढ़ का चुनाव केवल राज्य का चुनाव नहीं है बल्कि यह पश्चिम बंगाल, केरल और अन्य राज्यों में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बलिदान और त्याग का चुनाव है। छत्तीसगढ़ में विजय इतनी प्रचंड होनी चाहिए जो 2019 के लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भव्य विजय की नींव बने

****

जनता से वोट मांगने के पहले राहुल गाँधी यह स्पष्ट करें कि कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है?कांग्रेस पार्टी के पास न तो नेता है, न नीयत, न नेतृत्व और न ही कोई सिद्धांत

****

राहुल गाँधी छत्तीसगढ़ में नकली और फर्जी सीडी बनाकर महिलाओं को शर्मसार करने वाले लोगों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं, यह कांग्रेस पार्टी की ओछी मानसिकता को दर्शाने के लिए काफी है। छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें कांग्रेस की इस गंदी राजनीति का करारा जवाब देगी

****

कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ अशिक्षा, अँधेरे और पिछड़ेपन का हब माना जाता था लेकिन आज छत्तीसगढ़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, उद्योग और पावर का हब बना है

****

भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की तरह आतंकवादियों और उग्रवादियों की भाषा नहीं बोलती, भाजपा विकास की भाषा बोलती है और उसे जमीन पर चरितार्थ कर दिखाती है

****

देश को आतंकवाद, घुसपैठ और नक्सलवाद से मुक्त कराना भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है

****

राहुल गाँधी देश को टुकड़े करने का ख़्वाब पाले बैठे लोगों के पक्ष में चाहे जितना खड़े हों लेकिन भारतीय जनता पार्टी के शासन में ऐसे देशद्रोही लोगों की जगह जेल की सलाखों के पीछे ही है

****

राहुल गाँधी चाहे कितना भी साजिश रचें, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की दाल गलने वाली नहीं है। यदि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार आई तो फिर से भ्रष्टाचारियों के भरोसे प्रदेश को छोड़ना पड़ेगा

****

कांग्रेस के समय छत्तीसगढ़ का बजट केवल 9,000 करोड़ रुपये था जबकि रमण सिंह जी ने कांग्रेस की तुलना में बजट को 10 गुनाबढ़ा कर 94,775 करोड़ रुपये का किया है। कांग्रेस के शासन के दौरान राज्य की प्रति व्यक्ति आय केवल 13 हजार रुपये थी जो आज बढ़ कर लगभग 92 हजार रुपये हो गई है

****

भारतीय जनता पार्टी की रमण सिंह सरकार ने राज्य से नक्सलवादियों के समानांतर शासन को उखाड़ फेंकने का सराहनीय कार्य किया है। इस समस्या को समूल नष्ट करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं

****

राहुल गाँधी हमारी सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस से उनकी चार पीढ़ियों के कामकाज का हिसाब मांग रही है

****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राज्य के विकास के लिए
लगभग 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो यूपीए सरकार की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है

****

मोदी सरकार ने किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। 'आयुष्मान भारत' के तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष की मुफ्त बीमा प्रदान की जा रही है

****

कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह देश तोड़ने वाले को क्यों बचा रही है? कांग्रेस पार्टी माओवादी नक्सलियों के साथ है फिर देश की जनता के साथ? कांग्रेस पार्टी को भले ही देश की सुरक्षा की चिंता न हो लेकिन भाजपा और भाजपा सरकार की नीति हमेशा से देशद्रोहियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की रही है

****

राहुल गाँधी एंड कंपनी को घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता तो है लेकिन देश के नागरिकों के मानवाधिकार की चिंता नहीं है।कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में वोट मांगने से पहले स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें घुसपैठियों की चिंता है या देशवासियों की?

****

राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने का स्वप्न आ रहा है लेकिन 2014 से लेकर आज तक देश में हुए लगभग सभी चुनाव में भाजपा की जीत हुई और कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी का यही हश्र होने वाला है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और बिलासपुर में क्रमशः अंबिकापुर और बिलासपुर संभाग के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से पुनः राज्य में दो तिहाई से अभी अधिक बहुमत के साथ भाजपा की रमण सिंह सरकार बनाने का आह्वान करते हुए छत्तीसगढ़ की अनदेखी करने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी पर करारा हमला किया।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी नेताओं के आधार पर नहीं बल्कि बूथ कार्यकर्ताओं, संगठन की शक्ति और विचारधारा के आधार पर चुनाव जीतती है।** उन्होंने कहा कि **हमारी हर विजय के मूल में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की पराकाष्ठा निहित है।** उन्होंने कहा कि **यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक बूथ कार्यकर्ता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है और एक गरीब घर में जन्म लेने वाला व्यक्ति भी देश का प्रधानमंत्री।** उन्होंने कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया और श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने छत्तीसगढ़ में संगठन की नींव रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम राजमाता को शत शत नमन करते हुए इस वर्ष को राजमाता जी के जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की भी जयंती है जिनके नेतृत्व में कांग्रेस के द्वारा थोपे गए आपातकाल के खिलाफ देश में लोकतंत्र को बचाने की जंग लड़ी गई थी।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **छत्तीसगढ़ का चुनाव केवल राज्य का चुनाव नहीं है बल्कि यह पश्चिम बंगाल, केरल और अन्य राज्यों में पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बलिदान और त्याग का चुनाव है।** उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि **छत्तीसगढ़ में विजय इतनी प्रचंड होनी चाहिए जो 2019 के लोक सभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भव्य विजय की नींव बने।** उन्होंने कहा कि **छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की 65 से अधिक सीटों पर विजय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिल नाडु और केरल में पार्टी की सरकार बनाने का नींव डालने वाला चुनाव है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी छत्तीसगढ़ में नकली और फर्जी सीडी बनाकर महिलाओं को शर्मसार करने वाले लोगों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं, यह कांग्रेस पार्टी की ओछी मानसिकता को दर्शाने के लिए काफी है।** उन्होंने कहा कि **छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनेंकांग्रेस की इस गंदी राजनीति का करारा जवाब देगी।** उन्होंने कहा कि **जनता से वोट मांगने के पहले राहुल गाँधी यह स्पष्ट करें कि कांग्रेस पार्टी किसके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है?** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी के पास न तो नेता है, न नीयत, ननेतृत्व और न ही कोई सिद्धांत।** उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व स्पष्ट है, हम छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले मुख्यमंत्री श्री रमण सिंह जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी को विधायक, मंत्री अथवा मुख्यमंत्री बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ते बल्कि चुनाव में जीत का हमारा एक ही मकसद होता है - राज्य का विकास और विकास की दौड़ में पिछड़ गए समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना। उन्होंने कहा कि **रमण सिंह सरकार ने छत्तीसगढ़ में गरीबों, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लिए जो कल्याण कार्य किये हैं, वे अनुकरणीय हैं और हम आगे भी इसी पथ पर निरंतर समाज की भलाई के लिए काम करते रहेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एवं लोगों की जन भावना के अनुरूप श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा दिया। इसके अगले तीन सालों तक राज्य में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन विकास प्रदेश से अछूता रहा। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने नवगठित राज्य की समस्याओं का समाधान करने के बजाय भ्रष्टाचार का रास्ता चुना और छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद, गरीबी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का जघन्य पाप किया।** उन्होंने कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए श्री रमण सिंह के नेतृत्व में सरकार के गठन का जनादेश दिया और विगत 15 साल के शासन में रमण सिंह सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ विकास एवं लोक-कल्याण कार्यों को समान रूप से गति प्रदान करते हुए राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। **इस दौरान राज्य से नक्सलवादियों के समानांतर शासन को उखाड़ फेंकने का सराहनीय कार्य किया गया है और इस समस्या को समूल नष्ट करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की रमण सिंह सरकार ने तेंदुपत्ता बीनने वालों के पैर में चरण पादुका पहनाने का कार्य किया है, तेंदुपत्ता इकठ्ठा करने वाले मजदूरों के मानांक को बढ़ाने का कार्य किया गया है और वनवासी बंधुओं को लाखों हेक्टेयर की भूमि आवंटित कर उन्हें सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है।** उन्होंने कहा कि गरीबों को नाम मात्र के मूल्य पर चावल और गेहूं वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की इस प्रसिद्ध और सफल पीडीएस योजना को देश के कई अन्य राज्य अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि **रमण सिंह सरकार ने समर्थन मूल्य से भी 200 रुपये अधिक के मूल्य पर राज्य की जनता से धान की खरीदी कर किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है।** उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य फसलों पर भी किसानों को बोनस दिया जा रहा है और समर्थन मूल्य पर वन उत्पादों की भी खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ अशिक्षा, अँधेरे और पिछड़ेपन का हब माना जाता था लेकिन आज छत्तीसगढ़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, उद्योग और पावर का हब बना है।** उन्होंने कहा कि **एक लाख से तीन लाख की आबादी वाले शहर के स्वच्छता सर्वेक्षण के बेस्ट इनोवेशन एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज सेगमेंट में अंबिकापुर को देश में पहला स्थान मिला है जो राज्य की बदलती तस्वीर को पेश कर रहा है।** उन्होंने कहा कि इतने कम समय में छत्तीसगढ़ का विकास आश्चर्यचकित कर देने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य में सातवें वेतनमान को लागू कर कर्मचारियों के हितों की रक्षा की गई है, काफी कम कीमत पर किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराया जा रहा है, गरीबों को 40 यूनिट निःशुल्क बिजली मुहैया कराई जा रही है, गरीबों को एक किलो रुपये चावल और मुफ्त में नमक उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं, राज्य की भाजपा सरकार ने मनरेगा में श्रमिकों को एक वर्ष में पचास अतिरिक्त दिनों का रोजगार देने का भी कल्याणकारी निर्णय लिया है।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई योजनाओं को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी वनवासी बंधुओं के कल्याण के लिए वन धन, जनधन और गोबर धन योजना की शुरुआत की है।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना की शुरुआत की गई है जिसके तहत आदिवासी क्षेत्र में खनिज से होने वाले आय का एक हिस्सा उस क्षेत्र के विकास के लिए खर्च किया जाएगा। इस योजना के तहत आदिवासी कल्याण के लिए 18 हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। **साथ ही, 115 पिछड़े व आदिवासी जिलों के लिए विकास की नई योजना बनाई गई है ताकि विकास में पिछड़े इन जिलों को मुख्यधारा में लाया जा सके।** उन्होंने कहा कि 184 एकलव्य मॉडल स्कूलों की स्थापना कर वनवासी छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोले गए हैं। और वनबंधु कल्याण योजना के तहत जनजाति ब्लॉक के लिए 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बांस मिशन को लागू कर आदिवासियों को लाभ पहुंचाया गया है ताकि उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाया जा सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी हमारी सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं जबकि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस से उनकी चार पीढ़ियों के कामकाज का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 सालों तक शासन किया लेकिन राहुल गाँधी बताएं कि कांग्रेस पार्टी ने इन 55 सालों देश के गाँव, गरीब, पिछड़े एवं किसानों के लिए क्या किया है?** उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी ने 55 सालों में गरीबों की भलाई के लिए कुछ भी कार्य किया होता तो आज तेंदुपत्ता कर्मियों के पैरों में चरण-पादुका पहनाने का सौभाग्य हमें नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय जहां केवल 13 हजार रुपये था, वहींआज यह बढ़ कर लगभग 92 हजार रुपये हो गया है। कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में केवल 4,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था जबकि आज छत्तीसगढ़ 22,714 मेगावाट बिजली के उत्पादन के साथ बिजली सरप्लस राज्य बना है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की सरकार के समय राज्य में केवल 65 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न का उत्पादन होता था लेकिन आज 1,03,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस के समय छत्तीसगढ़ का बजट केवल 9,000 करोड़ रुपये था जबकि रमण सिंह जी ने कांग्रेस की तुलना में 10 गुना बढ़ा कर 94,775 करोड़ रुपये का बजट बनाने का काम किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कटिबद्ध हैं।** उन्होंने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राज्य के विकास के लिए लगभग 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो यूपीए सरकार की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को अलग से लगभग 18 हजारकरोड़ रुपये की राशि दी गई है।** खदानों के पारदर्शी नीलामी से छत्तीसगढ़ को लगभग 1,15,000 करोड़ रुपये की आय हुई है। उन्होंने कहा कि मुद्रा बैंक योजना से राज्य के 10 लाख से अधिक युवा लाभान्वित हुए हैं, साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य की लगभग 36 लाख गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि **राहुल गाँधी बताएं कि कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या-क्या काम किये गए?**

श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार सालों में 30 करोड़ से अधिक लोगों के जन-धन खाते खोले, साढ़े 5 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए, साढ़े सात करोड़ से अधिक करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया, दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई, 18 करोड़ छोटे गरीब बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया एवं दो करोड़ घरों का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि **हमने आजादी के 70 सालों तक किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए 'आयुष्मान भारत' योजना लेकर आये हैं जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान की जायेगी।**

अर्बन नक्सलियों की गिरफ्तारी पर बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अभी हाल ही में देश में अस्थिरता पैदा करने और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री की हत्या का षड़यंत्र रचने के लिए महाराष्ट्र पुलिस ने कुछ अर्बन नक्सलियों की जैसे ही गिरफ्तारी की, फिर से कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी देशद्रोहियों के पक्ष में खड़ी हो गई। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह देश तोड़ने वाले को क्यों बचा रही है? कांग्रेस पार्टी माओवादी नक्सलियों के साथ है फिर देश की जनता के साथ?** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी को भले ही देश की सुरक्षा की चिंता न हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी और भाजपा सरकार की हमेशा से देशद्रोहियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रही है।** उन्होंने कहा कि **यह पहली बार नहीं है कि राहुल गाँधी देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने वालों के समर्थन में खड़े हुए हों, वे जेएनयू में देशद्रोही नारा लगाने वालों के समर्थन में भी खड़े हुए थे, इतना ही नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक में सेना की बहादुरी को उन्होंने खून की दलाली की संज्ञा दे दी थी।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी देश को टुकड़े करने का ख़्वाब पाले बैठे लोगों के पक्ष में चाहे जितना खड़े हों लेकिन भारतीय जनता पार्टी के शासन में ऐसे देशद्रोही लोगों की जगह जेल की सलाखों के पीछे ही है।**उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की तरह आतंकवादियों और उग्रवादियों की भाषा नहीं बोलती, भाजपा विकास की भाषा बोलती है और उसे जमीन पर चरितार्थ कर दिखाती है।**

एनआरसी के मुद्दे पर कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश की जनता घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर करने के पक्ष में है लेकिन राहुल गाँधी एंड कंपनी घुसपैठियों के पक्ष में खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी एंड कंपनी को घुसपैठियों के मानवाधिकार की चिंता तो है लेकिन देश के नागरिकों के मानवाधिकार की चिंता नहीं है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में वोट मांगने से पहले स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें घुसपैठियों की चिंता है या देशवासियों की।**उन्होंने कहा कि **2019 में केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में फिर से सरकार आने के बाद हम देश में एक भी घुसपैठिये को नहीं रहने देंगे, यह भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है।** उन्होंने कहा कि **देश को आतंकवाद, घुसपैठ और नक्सलवाद से मुक्त करना भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है**।

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी को छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने का दिवास्वप्न आ रहा है लेकिन2014 से लेकर आज तक देश में हुए लगभग सभी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई और कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस पार्टी का यही हश्र होने वाला है।** उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि राहुल**गाँधी, आप कितना भी करो, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की दाल गलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार आई तो फिर से भ्रष्टाचारियों के भरोसे प्रदेश को छोड़ना पड़ेगा।**